सार्वजनिक टैलीफोन प्रदान करने के लिए लक्ष्य निम्नानुसार निर्धारित किए गए हैं :–

वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धि
1994–95	50000	47,604
1995–96	105000	31,496
1996–97	75000	56,719

(ग) पूर्वोक्त अवधि के दौरान निर्धारित लक्ष्य और प्राप्ति के बीच का अंतर निम्नानुसार दिया गया है :—

1994–95	2396
1995–96	73504
1996–97	18281

वर्ष 1997–98 के लिए 83000 का लक्ष्य निर्धारित है ।

गुजरात में बुनकरों को न्यूनतम वेतन

*314. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :** क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कच्छ में हथकरघा निगम के बुनकरों को उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बावजूद भी न्यूनतम वेतन नहीं मिल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या उच्चतम न्यायालय ने सरकार को उन्हें औद्योगिक मजदूरों के समतुल्य मानने का निर्देश दिया है ;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए जाने का विचार है ; और

(ङ) क्या सरकार ने राज्य सरकारों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के संबंध में श्रम मंत्रालय के स्थायी आदेशों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है ?

वस्त्र मंत्री (श्री आर०एल० जालप्पा): (क) से (घ) राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उन्हें माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय की कोई जानकारी नहीं है । श्रम मंत्रालय, भारत सरकार ने सूचित किया है कि गुजरात सरकार द्वारा हथकरघों में रोजगार के लिए न्यूनतम मजदूरी निर्धारित नहीं की गई है । यद्यपि इस मामले में विस्तृत सूचना इकत्रित की जा रही है ।

(ङ) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अंतर्गत गुजरात सरकार अपने क्षेत्र में रोजगार के सम्बन्ध में अधिनियम प्रावधानों को कार्यान्वित तथा लागू करने के लिए जिम्मेदार है । राज्य सरकार द्वारा अपने श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने हेतु प्रवर्तन मशीनरी की भी स्थापना की गई है । श्रम मंत्रालय भारत सरकार ने समय-समय पर राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों से अनुरोध किया है कि प्रवर्तन मशीनरी की प्रभावकारिता में सुधार लायें ।

Working of local bodies

*315. DR. D. VENKATESHWAR RAO: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether the working of local bodies in the States is being examined by Government;